भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4561
19 मार्च, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

पटना मेट्रो रेल परियोजना

4561. श्री गिरिधारी यादवः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पटना मेट्रो रेल परियोजना बहुत पहले शुरू की गई थी लेकिन मेट्रो सेवाएं सितंबर 2025 में ही कुछ दूरी के लिए शुरू की गई थीं;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पटना मेट्रो परियोजना के शुरू होने की वास्तविक तारीख क्या है और इसके लिए कुल कितनी अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है;
(ग) उक्त मेट्रो के प्रचालन के लिए नियोजित मार्गों का ब्यौरा क्या है और कुल कितनी दूरी (किलोमीटर में) मेट्रो प्रचालन की योजना है;
(घ) पटना में उक्त मेट्रो सेवाओं को कब तक पूर्ण रूप से चालू कर दिए जाने की संभावना है; और
(ङ) उक्त परियोजना को पूरा करने में विलंब के क्या कारण हैं?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (ड.) पटना मेट्रो रेल परियोजना को भारत सरकार द्वारा 27 फरवरी, 2019 को 13,365.77 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ स्वीकृत किया गया था। पटना मेट्रो रेल परियोजना में 32.507 किमी की कुल लंबाई के दो कॉरिडोर शामिल हैं, जिनके नाम (i) दानापुर-मीठापुर-खेमनीचक (17.932 किमी) और (ii) पटना रेलवे स्टेशन-गांधी मैदान-न्यू आईएसबीटी (14.575 किमी) हैं । इसके अलावा, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से भूतनाथ तक 3.0 किमी के एक खंड को 06.10.2025 को चालू कर दिया गया है।

परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस मंत्रालय को सूचित किया कि इस परियोजना को सितंबर, 2030 में पूरी तरह से चालू किया जाना है। मूल अलाइनमेंट के मौर्य काल के पुरातात्विक स्थलों से गुजरने के कारण उसमें संशोधन, भूमि

अधिग्रहण में देरी, कोविड-19 महामारी, जेआईसीए ऋण समझौते पर हस्ताक्षर करने और ऋण समझौते के अनुपालन में देरी जैसी वजहों से इस परियोजना की समयावधि प्रभावित हुई है।

*****